श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 74, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज सोमवार, 19 अक्टूबर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

## तैयारियां पूरी, उत्तर प्रदेश में आज से खुलेंगे कक्षा नौ से 12 तक के स्कूल

### उत्तर प्रदेश में सभी शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में सोमवार से कक्षा नौ से 12वीं तक की पढ़ाई शुरू होगी



**लखनऊ, जेएनएन।** कोरोना वायरस महामारी के कारण उत्तर प्रदेश में पिछले सात महीने से बंद सभी शिक्षा बोर्ड के स्कूलों में सोमवार से कक्षा नौ से 12वीं तक की पढ़ाई शुरू होगी। चालू शैक्षिक सत्र में स्कूल पहली बार खुलेंगे। स्कूल दो पालियों में सुबह 8.50 से दोपहर 3.20 बजे तक संचालित किये जाएंगे। पहली पाली सुबह 8.50 से 11.50 बजे तक होगी, जिसमें कक्षा नौ और 10 की कक्षाएं लगेंगी। दूसरी पाली दोपहर 12.20 से 3.20 बजे तक होगी जिसमें कक्षा 11 और 12 की क्लास लगेंगी।

उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा निदेशक विनय कुमार पांडेय ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को समस्त शिक्षा बोर्ड से जुड़े स्कूलों के प्रधानाचार्यों को तत्काल यह जानकारी देने और इस व्यवस्था का अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार की गाइडलाइंस के क्रम में राज्य सरकार प्रदेश में कंटेनमेंट जोन के बाहर संचालित कक्षा नौ से 12 तक के सभी स्कूलों को 19 अक्टूबर से खोलने के बारे में शासनादेश पहले ही जारी कर चुकी है। स्कूलों को खोले जाने से पहले उन्हें पूरी तरह सैनिटाइज किया जाएगा। रोज प्रत्येक पाली के बाद भी स्कूलों को सैनिटाइज किया जाएगा।

एक दिन में प्रत्येक कक्षा में अधिकतम 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को ही बुलाया जाएगा। बाकी 50 प्रतिशत विद्यार्थियों को अगले दिन बुलाया जाएगा। विद्यार्थियों को एक-दूसरे से छह फीट की दूरी पर बैठाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। विद्यार्थियों को स्कूल बुलाने के लिए उनके माता-पिता/अभिभावकों की लिखित सहमति जरूरी होगी। छात्र-छात्राओं को स्कूल आने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।

सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्कूल के अन्य कर्मचारियों के लिए मास्क पहनना अनिवार्य होगा। स्कूल प्रबंधन को अतिरिक्त संख्या में मास्क उपलब्ध कराने होंगे। स्कूलों को सैनिटाइजर, हैंडवाश, थर्मल स्कैनिंग व प्राथमिक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। विद्यार्थियों को हैंडवाश या हाथ सैनिटाइज करने के बाद ही स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। यदि किसी विद्यार्थी, शिक्षक या अन्य कार्मिक में खांसी, जुकाम या बुखार के लक्षण हों तो उन्हें प्राथमिक उपचार देते हुए घर वापस भेज दिया जाएगा।

स्कूल में प्रवेश और छुट्टी के समय गेट पर शारीरिक दूरी का पालन कराया जाएगा। एक साथ सभी विद्यार्थियों की छुट्टी नहीं की जाएगी। स्कूल में यदि एक से ज्यादा प्रवेश द्वार हैं तो उनका उपयोग किया जाएगा। स्कूल बसों और स्कूल से संबद्ध सार्वजनिक वाहनों को भी रोज सैनिटाइज करने के निर्देश दिये गए हैं और इनमें छात्रों को बैठाने में शारीरिक दूरी का पालन करना होगा।

## पंजाब में किसान आंदोलन के कारण आज और कल ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

### 19, 20 अक्टूबर को पंजाब में कई ट्रेनें रद रहेंगी




**नई दिल्ली, एएनआइ।** कृषि सुधार कानूनों के खिलाफ पंजाब में किसानों द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं, प्रदर्शन से कारोबार प्रभावित हो रहा है। राज्य में ट्रेनों और सड़क मार्ग से कंटेनरों की आवाजाही रुकी पड़ी है। अब इस बीच भारतीय रेलवे ने जानकारी दी कि पंजाब में किसानों के आंदोलन के कारण 19, 20 अक्टूबर को 12 ट्रेनें रद्द, 17 ट्रेनें अल्पावधि के लिए रद और एक को डायवर्ट किया गया है। बता दें कि कृषि सुधार कानून को रद करने की मांग को लेकर किसान संगठनों की ओर से रेल ट्रैक पर लंबे समय से धरना दिया जा रहा है।

आपको बता दें कि इससे अमृतसर रेलवे स्टेशन को अब तक करीब चार करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। यह वह पैसा है, जोकि टिकटों को बेच कर कमाया जाना था, जबकि पार्सल से होने वाली आमदनी का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। अब तक किसान संगठनो और केंद्र सरकार के बीच बातचीत का कोई भी हल नहीं निकला है। इस कारण धरना लगातार जारी है और स्थानीय प्रशासन को लगातार घाटा सहन करना पड़ रहा है।

पंजाब में केंद्र सरकार के कृषि कानूनों कें खिलाफ किसानों ने रेल रोको आंदोलन चालू किया हुआ है। बताया गया था कि 1 अक्टूबर से किसान पूरे पंजाब में रेल रोका आंदोलन शुरू करेंगे। किसान इस दौरान रेलवे ट्रैक पर धरना देकर ट्रेनों का अवागमन रोकेंगे। इससे रेल यात्रियों को भारी दिक?कत होगी और रेलवे को नुकसान होने की बात कही गई थी। दूसरी ओर, रेलवे ने पंजाब में ट्रेनों का संचालन भी समय समय पर बंद किया है।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया है, जिसके लिए कृषि क्षेत्र में सुधार के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में विगत दिनों लोकसभा से तीन विधेयक पारित किए गए। हालांकि, इन विधेयकों का विरोध हो रहा है। इसमें अहम प्रावधान की बात करें तो इसमें 1. ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां किसान व व्यापारी राज्यों में स्थित कृषि उत्पाद बाजार समिति से बाहर उत्पादों की खरीद-बिक्री कर सकें। 2. राज्य के भीतर तथा राज्य के बाहर किसानों के उत्पादों के निर्बाध व्यापार को बढ़ावा देना। 3. व्यापार व परिवहन लागत को कम करके किसानों को उनके उत्पादों का अधिक मूल्य दिलवाना। 4. ई-ट्रेडिंग के लिए सुविधाजनक तंत्र विकसित करना।

## सीएम योगी आदित्यनाथ आज करेंगे 56,472 पंचायत भवनों और सामुदायिक शौचालयों का शिलान्यास



**लखनऊ, जेएनएन।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को उत्तर प्रदेश की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 56,472 पंचायत भवनों व सामुदायिक शौचालयों का ऑनलाइन शिलान्यास करेंगे। प्रदेश में पहली बार 21,414 पंचायत भवन और 35,058 सामुदायिक शौचालयों का एक साथ शिलान्यास किया जाएगा। इस सीएम योगी प्रमुख पंचायत प्रतिनिधियों से वार्ता भी करेंगे।

उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दावा किया कि राज्य में पंचायतें तेजी से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, वित्त आयोग, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान व मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों के बारे में बताया। उनका कहना था कि सोमवार को होने वाला आयोजन ऐतिहासिक होगा। प्रदेश में पहली बार 21,414 पंचायत भवन और 35,058 सामुदायिक शौचालयों का एक साथ शिलान्यास किया जाएगा। शिलान्यास के अलावा मुख्यमंत्री 18,847 सामुदायिक शौचालयों व 377 पंचायत भवनों का लोकार्पण भी करेंगे।

ब्लाकों में बड़ी स्क्रीन पर वेबकास्ट के जरिए प्रसारण : अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री इस मौके पर प्रमुख पंचायत प्रतिनिधियों से वार्ता भी करेंगे। कार्यक्रम में सांसद और विधायक भी शामिल होंगे। ब्लॉकों में बड़ी स्क्रीन लगाकर बेवकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में कोरोना से बचाव के उपायों को अपनाते हुए सजीव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। इस बारे में मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भी व्यवस्था कराने के निर्देश जारी किए गए है।

## बेहद अहम होगी आज की भारत-चीन सैन्य वार्ता, तय होगा सेनाएं डटी रहेंगी या वापस बुलाई जाएंगी

### दोनों देशों के बीच कार्प कमांडर स्तर की आठवें दौर की बातचीत होगी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** समूचे लद्दाख सेक्टर में तापमान शून्य से नीचे जा चुका है। पूर्वी लद्दाख के वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के इलाके में हल्की बफीर्ली हवायें चलनी शुरू हो गई हैं जो इस महीने के अंत से और तेज हो जाएंगी। ऐसे में एलएसी पर तैनात भारत व चीन की सेनाएं वापस होंगी या वहीं डटी रहेंगी, इसका बहुत कुछ तक फैसला इस हफ्ते होने वाली कोर्प कमांडर स्तरीय वार्ता में हो सकता है।

दोनों देशों के बीच कार्प कमांडर स्तर की यह आठवें दौर की बातचीत होगी और इसमें मुख्य तौर पर यही बात होगी कि दोनों तरफ की सेनाएं एक साथ मई, 2020 से पहले वाली स्थिति में जाने की शुरूआत करें।

जानकार मान रहे हैं कि छठे व सातवें दौर की बातचीत में जिन प्रस्तावों पर बातचीत हुई थी उसकी प्रगति की समीक्षा इसमें होगी। सूत्रों के मुताबिक अगर सब कुछ ठीक रहा तो सैन्य स्तर की अगली वार्ता सोमवार (19 अक्टूबर) को हो सकती है।

अगस्त, 2020 में जब से भारतीय सैन्य बलों ने चुशूल क्षेत्र के रणनीतिक हिसाब से कुछ महत्वपूर्ण उंचाइयों पर कब्जा किया है उसके बाद बैठकों में चीन का रुख बदला हुआ है। यह भी



उल्लेखनीय तथ्य यह है कि इसके बाद दो बार कार्प कमांडर स्तर की वार्ता में दोनों पक्षों की तरफ से संयुक्त बयान जारी करने का फैसला किया गया। भारतीय पक्षकार इसे एक सकारात्मक बदलाव के तौर पर देख रहे हैं। 12 अक्टूबर को चुशूल बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में बातचीत को सकारात्मक व एक दूसरे की स्थिति को बेहतर तरीके से समझने वाला करार दिया गया था।

चुशूल वार्ता के प्रमुख बिंदुओं पर सरकार की तरफ से गठित उच्च स्तरीय चाइना स्टडी ग्रूप की बैठक भी हो चुकी है। माना जा रहा है कि इसमें चीन की तरफ से सैनिकों की वापसी को लेकर जो ताजा प्रस्ताव दिया गया था उस पर विस्तार से चर्चा हुई है।

वैसे भारत अभी तक अपने इस रुख पर कायम है कि एलएसी पर हालात पूरी तरह से मई, 2020 से पहले वाली स्थिति में बहाल होनी चाहिए और इसके लिए दोनो तरफ से सैन्य वापसी एक साथ होनी चाहिए। अगर चीन चाहता है कि भारत रणनीतिक तौर पर महत्वपूर्ण इलाकों से सेना वापस करे तो भारत का सीधा सा तर्क है कि चीन को भी पैंगोग झील के आस पास के इलाके से अपनी सेना को तनाव शुरू होने से पहले वाली स्थिति में ले जाना होगा। सैन्य वापसी के मुद्दे पर कुछ बात आगे बढ़ने के बावजूद भारतीय सेना की तरफ से जमीनी स्तर पर निगरानी पहले से भी चौकस कर दी गई है।

सूत्रों के मुताबिक सर्दियों के बावजूद भारतीय सेना के लिए रसद या अन्य जरूरी सामान पहुंचाने में कोई परेशानी नहीं होने वाली है। भारतीय सेना के पास इससे भी दुर्गम परिस्थितियों में डटे रहने वाले सैनिकों तक रसद पहुंचाने का अनुभव है।

## जैकिंडा अर्डर्न फिर बनी न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री, पीएम मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली, एएनआइ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जैकिंडा अर्डर्न को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि वह दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर काम करना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट कर कहा कि न्यूजीलैंड की पीएम जैरेड एर्डन को उनकी शानदार जीत के लिए मेरी हार्दिक बधाई। एक साल पहले की हमारी आखिरी मुलाकात को याद करें और भारत-एनजेड के रिश्तों को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम करें।

शनिवार को, प्रधान मंत्री अर्रेन ने न्यूजीलैंड के आम चुनाव में एक



शानदार जीत हासिल की थी और अब एक दूसरे कार्यकाल की सेवा के लिए तैयार हैं। 87 प्रतिशत मतों की गिनती के साथ, अर्डर्न की केंद्र-लेबर पार्टी ने 48.9 प्रतिशत वोट हासिल किए हैं, जिसका अर्थ है कि उनकी पार्टी को उच्चतम परिणाम प्राप्त करने की संभावना है, जो कि किसी भी पार्टी ने 1996 में वर्तमान राजनीतिक प्रणाली शुरू होने के बाद हासिल की है।

आर्डेन ने जीत के बाद एक शक्तिशाली भाषण दिया जहां उन्होंने कहा कि आज रात, न्यूजीलैंड ने कम से कम 50 वर्षों में लेबर पार्टी को अपना सबसे बड़ा समर्थन दिखाया है।

रविवार दोपहर ऑकलैंड में मीडिया को संबोधित करते हुए, अर्डर्न ने कहा कि काम शुरू हो जाएगा और लेबर कॉकस सोमवार को मिलेंगे। अर्डर्न ने कहा कि मेरी उम्मीद है कि हम अगले दो से तीन सप्ताह के भीतर एक सरकार बनाएंगे। हमें स्पष्ट रूप से न्यूजीलैंड की ओर से सरकार के गठन के साथ क्रैक करने का एक जनादेश है।

आम चुनाव के वोट के अलावा, न्यूजीलैंड के लोगों ने जीवन पसंद और भांग के मनोरंजक उपयोग को वैध बनाने के लिए दो जनमत संग्रह के लिए अपने मतपत्र भी डाले। प्रारंभिक जनमत संग्रह के परिणाम 30 अक्टूबर को जारी किए जाएंगे, और चुनाव और जनमत संग्रह के आधिकारिक परिणाम 6 नवंबर को जारी किए जाएंगे।

## पाकिस्तान ने गुपचुप हटाए पांच हजार आतंकियों से प्रतिबंध

**नई दिल्ली, पीटीआइ।** फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की पेरिस में होने वाली बैठक से ठीक पहले भी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। पाकिस्तान ने एफएटीएफ के दिशानिदेर्शों के अनुरूप संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित आतंकी सरगना- हाफिज सईद और मौलाना मसूद अजहर के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई तो की नहीं, पांच हजार से ज्यादा आतंकियों के नाम भी ब्लैक लिस्ट से हटा दिए। इसके चलते अब ये आतंकी बेरोक-टोक कहीं जा और आ सकेंगे।

एफएटीएफ की 21 अक्टूबर से होने वाली बैठक में पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में डाले जाने पर विचार किया जाना है। यह वैश्विक संस्था आतंकी संगठनों और अपराधी गिरोहों के अर्थतंत्र की निगरानी करती है। साथ ही मनी लांड्रिंग रोकने के लिए सरकारों पर दबाव बनाती है। आतंकियों की मदद करने के कारण एफएटीएफ ने पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाल रखा है और 27 बिंदुओं पर कार्रवाई करने का उसे निर्देश दिया है। लेकिन पाकिस्तान कार्रवाई के नाम पर दिखावा कर रहा है।

पाकिस्तान ने हाल ही में अपने एंटी टेररिज्म एक्ट के शैड्यूल फोर के तहत प्रतिबंधित किए गए 7,600 आतंकियों की सूची में से चुपचाप पांच हजार से ज्यादा नाम हटा दिए हैं। यह फैसला गृह मंत्री एजाज शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में लिया गया। पाकिस्तानी मीडिया में यह बात लीक होने के बाद बैठक से पहले ही एफएटीएफ में पाकिस्तान के खिलाफ माहौल बनने लगा है। संस्था के एक अधिकारी ने कहा, पाकिस्तान का ग्रे



लिस्ट में बना रहना तय है, बात उससे आगे भी जा सकती है।

यह माहौल तब बन रहा है जबकि पाकिस्तान के मित्र चीन और तुर्की उसकी जोरदार पैरवी के लिए मन बनाए हुए हैं। पता चला है कि संस्था के प्रमुख सदस्य देश- अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान के कदमों से संतुष्ट नहीं हैं। पाकिस्तान के ग्रे लिस्ट में रहते उसे वैश्विक संस्थाओं से आर्थिक सहायता मिलने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के पूंजीनिवेश में दिक्कत आ रही है। ऐसे में तंगहाल पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति और कमजोर हो रही है।

आतंकी सरगना मौलाना मसूद अजहर, हाफिज सईद और जकीउर-रहमान लखवी मुंबई में 26 नवंबर, 2008 को हुए आतंकी हमले और पुलवामा में 2019 में सीआरपीएफ की बस पर हुए हमले समेत तमाम वारदातों के लिए वांछित हैं। बीते दिनों एपीजी की रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान ने एफएटीएफ की 40 सिफारिशों में से केवल दो में सुधार किया है। अपनी 12 पन्नों की रिपोर्ट में एपीजी ने कहा था कि पाकिस्तान अभी 'एनहान्स्ड फोलो-अप' की सूची में ही बरकरार रहेगा...

## मां विंध्यवासिनी की एक झलक पाने को दिखा उत्साह

### मीरजापुर के विंध्याचल में मां के दर्शन के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़

**मीरजापुर, जेएनएन।** शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन रविवार को मां विंध्यवासिनी के दर्शन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सवा लाख श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ मां विंध्यवासिनी के ब्रह्मचारिणी स्वरूप का दर्शन-पूजन किया। रविवार को छुट्टी का दिन होने के नाते अधिक भीड़ रही। मां विंध्यवासिनी का विहंगम दृश्य के दर्शन को भक्त बेकरार दिखे। हर तरफ भक्ति भावना ही नजर आ रहा था। कुछ झांकी से तो कुछ दर्शनार्थियों ने गर्भगृह से दर्शन-पूजन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

भोर की मंगला आरती के बाद से श्रद्धालु कतारबद्ध हो गए थे। मां विंध्यवासिनी के जयकारे से वातावरण भक्तिमय बन गया। स्नान



ध्यान के बाद भक्ति में सराबोर महिलाएं, लड़कियां, बच्चे, बूढ़े व जवान हाथ में माला, फूल, प्रसाद व पूजा की सामग्री लेकर माता के जयकारे के साथ गर्भगृह की ओर बढ़ते रहे। भक्त अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए माता के चरणों में शीश झुका रहे थे।

मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर पर विराजमान समस्त देवी-देवताओं को नमन कर आशीर्वाद लिया। भक्तों की बस यही कामना थी कि विश्व को महामारी से मां बचाएं और शांति व संपन्नता बनाए रखें। भक्तों के उत्साह के आगे कोरोना का डर खत्म सा दिखा। दर्शनार्थियों ने बताया कि पिछले नवरात्र में मंदिर के कपाट लॉकडाउन की वजह से पूरी तरह बंद थे। माता की कृपा से इस बार दर्शन करने का मौका मिला।

मां विंध्यवासिनी के दर्शन-पूजन के बाद भक्त पैदल ही त्रिकोण के लिए निकल पड़े। काली खोह व अष्टभुजा माता का दर्शन-पूजन कर त्रिकोण परिक्रमा पूरी की।

दर्शन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने विंध्यधाम की गलियों में सजी दुकानों से जमकर खरीदारी की। यहां घरेलू सामानों के साथ-साथ खिलौने व विभिन्न प्रकार के सामान लगे थे। कोई मां की तस्वीर तो कोई प्रसाद के रूप में अन्य सामान खरीदा।

नवरात्र के दूसरे दिन थाना कोतवाली के पास स्थित ट्यूबवेल का पंप अचानक खराब हो गया। इससे पानी की समस्या उत्पन्न हो गई। इस ट्यूबवेल से थाना कोतवाली से जयपुरिया, पक्का घाट, बरतर तिराहा, बंगाली तिराहा कुल मिलाकर विंध्याचल के 60 प्रतिशत क्षेत्र में पानी की सप्लाई होती है। आपरेटर ने नगर पालिका को जानकारी दे दी है।

मंदिर की ढुलाई के लिए लगा सबमर्सिबल पंप करीब एक सप्ताह से खराब पड़ा है। इससे मंदिर ढुलाई के लिए पानी की समस्या हो रही है। इस समस्या से नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक समाधान नहीं हो सका।

विंध्य नाई समाज के लोगों ने प्रशासन से पहले की तरह विंध्यवासिनी मंदिर की छत पर मुंडन-संस्कार की अनुमति देने की मांग की। रामलाल शर्मा ने बताया कि विंध्याचल में कुल 180 नाई हैं। एक सप्ताह पूर्व नगर मजिस्ट्रेट को पत्रक सौंपकर मंदिर की छत पर मुंडन-संस्कार की अनुमति मांगी गई थी लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं मिला। मुन्ना लाल शर्मा ने कहा कि इस वक्त हम लोग घाट पर मुंडन-संस्कार कर रहे हैं लेकिन दर्शनार्थी मंदिर की छत पर ही मुंडन कराना चाहते हैं। इससे उनका रोजगार काफी कम हो गया है।

नवरात्र के दूसरे दिन दर्शनार्थियों की संख्या क्या बढ़ी प्रशासन के व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। लोहिया तालाब व दुधनाथ चुंगी के पास सड़क पर पानी जमा होने से श्रद्धालुओं को कीचड़ का सामना करना पड़ा तो वहीं सड़क पर बने गड्ढों के चलते हिचकोले खाने को विवश दिखे। इस प्रकार श्रद्धालुओं को तमाम अ०?यवस्थाओं से जूझना पड़ा। वहीं विद्युत विभाग ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ा। थोड़ी-थोड़ी समय पर बिजली की आवाजाही लगी रही। फिलहाल इन अ०?यवस्थाओं का असर दर्शनार्थियों की आस्था व श्रद्धा पर पड़ता नहीं दिखा।

डीएम सुशील कुमार पटेल ने विंध्यधाम आने वाले दर्शनार्थियों को शारीरिक दूरी का पालन करने के लिए गोला बनाने का निर्देश दिया था और कुछ स्थानों पर गोला बनाया भी गया लेकिन कहीं भी शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी खुद नियम का मजाक उड़ाते दिखे और विंध्यवासिनी मंदिर पर इकटठा होकर फुर्सत के पलों का आनंद उठाते रहे। यही नहीं मोबाइल पर चैटिंग भी करते देखा गया।

# ग्रामीण अंचल



## संक्षेप समाचार

### छात्रा के साथ पड़ोसी ने की छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कमरा किराए पर लेकर रहने वाली एक छात्रा के साथ उसके पड़ोसी ने छेड़खानी कर दी। तहरीर मिलने पर आरोपी के खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक छात्रा नैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में कमरा किराए पर लेकर पढ़ाई करती है। छात्रा का आरोप है कि उसका पड़ोसी आए दिन मौका पाकर उसके साथ छेड़खानी की वारदात अंजाम देता चला आ रहा था। रविवार सुबह लगभग 8:00 बजे आरोपी युवक मौका पाकर छात्रा का हाथ पकड़कर घसीट ने लगा। जब छात्रा ने विरोध किया तो उसे धमकी दी गई चोर शोर मचाने पर आरोपी मौके वारदात स्थल से फरार हो गया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में आरोपी अजय सिंह पटेल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े अन्तर्राज्यीय चार पहिया दो वाहन चोर, चार कार बरामद



मामले का खुलासा करते पुलिस अधिकारी

**प्रयागराज।** अन्तर्राज्यीय चार पहिया वाहन चोर गैंग के दो सदस्यों को क्राइम ब्रांच एवं धूमनगंज की संयुक्त पुलिस टीम ने रविवार को शेरवानी मोड़ के समीप से गिरफ्तार किया। टीम ने उनके कब्जे से चोरी के 4 चार पहिया वाहन बरामद किया।

उक्त जानकारी देते हुए रविवार की शाम अपर पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्र ने बताया कि चार पहिया वाहन चोरी करने वाले गैंग का सरगना वाराणसी जिले के मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के पूरे कछवा रोड निवासी दयाशंकर भारती पुत्र होरीलाल और वाराणसी के कपसेठी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव निवासी विजय कुमार पटेल को गिरफ्तार किया गया है। जबकि गिरोह के दो सदस्य प्रतापगढ़ जनपद के हथिगंवा थाना क्षेत्र में विसहिया गांव निवासी शहनवाज उर्फ मकसूद उर्फ साहिल पुत्र मंसूर अहमद और होलागढ़ थाना क्षेत्र के हुलासगंज गांव निवासी विनोद जासवाल उर्फ पप्पन पुत्र शंकरलाल फरार है। फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है।

पकड़े गए अभियुक्तों ने टीम से बताया कि हमलोग प्रयागराज जनपद सहित अन्य जनपदों से बोलोरों, पिकअप, अन्य चार पहिया चोरी कर-के यहां से ले जाते थे और दयाशंकर के यहां रखते थे। जहां दुर्घटना युक्त गाड़ियों को कबाड़ के भाव खरीदकर उनका नम्बर की प्लेट बनवाकर, कलर कराने के बाद मंहगें दामों में बेंच देते है। शहर के कीडगंज, जार्जटाउन, धूमनगंज, मुट्ठीगंज, सिविल लाइंस, कर्नलगंज सहित अन्य थाना क्षेत्रों से चार पहिया वाहन चोरी करते थे। चोरी हुए चार वाहनों को उक्त् गैंग के कब्जे से बरामद किया है। इसके अतिरिक्त जिन वारदतों की जानकारी है उसका पता लगाया जा रहा है। एसपी क्राइम ने कहा कि इस गैंग को पंजीकृत कराया जाएगा और इनके खिलाफ गैगेस्टर तथा अपराध की जरिए कमाई की चल अचल सम्पत्ति कुर्क की जाएगी।

### सलेमपुर में पंडाल में विराजमान देवी मां का भक्तों ने किया पूजन अर्चना

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर फरीदपुर में सर्दी नवरात्रि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा मां का पंडाल सजाया गया। जिसमें माता रानी की प्रतिमा को स्थापित कर भक्तों ने पूजन अर्चन किया। सलेमपुर फरीदपुर गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र कुमार उर्फ बच्चा पटेल द्वारा मां देवी के कार्यक्रम में बहुत बड़ा सहयोग रहा।बच्चा पटेल सर्वप्रथम मूर्ति देवी मां की प्रतिमा स्थापना के बाद पंडाल में नियुक्त पंडित मंगला प्रसाद द्वारा पूजा सुना गया। वहीं दर्जनों की संख्या में उपस्थित भक्तों ने माता रानी का जमकर जयकारा लगाया। मां के पंडाल में सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन का पूर्णता पालन किया जा रहा है।देवी माँ का पंडाल सीसीटीवी कैमरे से लैस है। वही प्रवेश कर रहे भक्त सेनिटाइज होकर पण्डाल में पहुच रहे हैं। इस अवसर पर ज्ञानेंद्र प्रताप सूरज बली राकेश फूलचंद मुलायम मानसिंह सीताराम यादव बाबादीन लाला डॉक्टर आदि लोग माँ के पण्डाल में उपस्थित रहकर पूजन अर्चन किये।

## मऊआइमा में दवा की दुकान का शटर टेढा करके आज्ञात चोरों ने किया हजारों की चोरी



चोरों द्वारा टेढा किया गया दुकान का शटर

**मऊआइमा।** ठंडक के दस्तक देते ही चोर सक्रिय हो गए हैं। बीती रात चोरों ने एक दवा की दुकान का शटर टेढा करके दुकान में रखी दवा ,दूध का डिब्बा तथा सिक्के सहित हजारों की चोरी कर ले गए। भुक्तभोगी ने अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला महतवाना (कोट ) निवासी अब्दुल मलिक पत्र अब्दुल कय्यूम प्रयागराज - प्रतापगढ़ हाईवे पर स्थित ग्राम सुलतानपुर खास पेट्रोल पंप के सामने दवा की दुकान खोले हुए हैं। अब्दुल मलिक के अनुसार शनिवार को शाम के समय वह अपनी दवा की दुकान बंद कर घर चले गए। रविवार को सुबह उन्हें बताया गया कि उनके दुकान का शटर टेढा हुआ है। अब्दुल मलिक दुकान पर पहुंच कर दुकान के अन्दर जा कर देखे तो दुकान के कैश बाक्स खुला मिला सारे सिक्के गायब हैं और दवा तथा दूध के डिब्बे भी नदारद हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर चली गयी। अब्दुल मलिक ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस तहरीर लेकर चोरो का पता लगा रही हैं।

## मास्क के साथ अभिभावक सहमति पत्र भी लेकर आएं स्कूल



शैक्षणिक संस्थान खोलने की तैयारी में जुटे शिक्षकगण

**शंकरगढ़।** लगभग सात महीने के बाद हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के शैक्षिक संस्थानों को 19 अक्टूबर से खोलने की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यालयों की साफ-सफाई, सेनिटाइजेशन के साथ ही क्लास में बच्चों के बैठने का भी अरेंजमेंट कर लिया गया है। स्कूल खुलने के एक दिन पहले जनपद के सभी स्कूल प्रबंधन व प्रधानाध्यापकों के द्वारा स्कूल आने वाले बच्चों से अभिभावकों की सहमति का पत्र भी साथ ले आने के लिए निर्देशित किया गया है। जनपद के गंगापार और यमुनापार में सोमवार से स्कूल खोले जाने को लेकर रविवार को दिन भर तैयारियों की हलचल देखी गई। कालेज आने वाले बच्चों के लिए बैठने के साथ ही स्कूल में प्रवेश और निकास की व्यवस्था का भी प्लान बनाया गया। जिन विद्यालयों में दो गेट है वहां पर दोनों गेट के इस्तेमाल की तैयारी की गई है।

राजा कमलाकर इंटर कॉलेज शंकरगढ़, नवोदित शिक्षा केंद्र लाइनपार सहित सभी विद्यालयों में दिनभर तैयारी चलती रही। राजा कमलाकर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनय प्रताप सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं से कहा है कि जिन बच्चों ने अभी तक अभिभावकों की सहमति का पत्र विद्यालय में जमा नहीं किया है, वह स्कूल आते समय मास्क के साथ सहमति पत्र भी जरूर ले आएं। सहमति पत्र साथ नहीं ले आने पर विद्यालय में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रधानाचार्य ने कहा कि शासन द्वारा जारी कोविड-19 के प्रोटोकोल का पूरा पालन किया जाएगा, इसमें किसी भी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं है।

## घर में घुसकर मचाया तांडव आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के देवरख उपहार में बीती रात कुछ लोग एक घर के अंदर घुस गए और जमकर तांडव मचाते हुए तीन लोगों की जमकर पिटाई कर दिए। जिससे सभी घायल हो गए। तहरीर मिलने पर आरोपियों के खिलाफ नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के देवरख उपरहार निवासी ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय मुन्नीलाल शनिवार रात लगभग 10:30 बजे भोजन आदि करने के बाद परिजनों के साथ सो रहे थे। तभी मौका पाते ही कुछ लोग इनके घर में दाखिल हो गए। खटपट की आवाज सुनकर जब परिजनों ने शोर मचाया तो घर में घुसे हमलावरों ने जमकर तांडव मचाते हुए असलहे की नोक पर ओमप्रकाश व उनके छोटे भाई और नौकर की धारदार हथियार से जमकर पिटाई कर दिए। जिससे सभी घायल हो गए। शोरगुल की आवाज सुन मोहल्ले के लोग भी जग गए। जब हमलावर फरार होने लगे तो एक हमलावर को मोहल्ले वालों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। आरोपी को नैनी कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। भुक्तभोगी की तहरीर मिलने पर दूरवाणी नगर के रहने वाले चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में पुलिस ने नैनी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

## पत्रिका युवा चेतना का विमोचन



पत्रिका का विमोचन करते विधायक व अन्य

**सहसों।** युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी सहसों प्रयागराज द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका युवा चेतना का विमोचन सोसाइटी के सहसों कार्यालय पर बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल जी के कर कमलों द्वारा शनिवार को किया गयाए इस अवसर पर विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं द्वारा प्रकाशित पत्रिकाएं समाज में नव चेतना का संचार करती हैं द्य यह युवा चेतना वार्षिक पत्रिका युवाओं में नया मार्गदर्शन प्रदान करेगी। युवा चेतना के प्रधान संपादक. चंद्र प्रकाश केसरवानी जी इसके विशेष बधाई के पात्र हैं द्य इनके द्वारा यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। अंत में चन्द्र प्रकाश केसरवानी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनिरुद्ध सिंह पटेलए भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष. वीरेंद्र बहादुर सिंह, संस्था के प्रबंधक विष्णु कुमार केसरवानी, डॉ अमित यादव आदि उपस्थित रहे।

## संस्कारों को संजोए रखने के लिए धार्मिक आयोजन जरूरी : अश्वनी

### बाबूगंज की ऐतिहासिक रामलीला में उपस्थित हुए गणमान्य



रामलीला मंचन का उद्घाटन कर धार्मिक आयोजनों की महत्ता बताते जिलाध्यक्ष

**फूलपुर।** बढ़ती आधुनिकता के चलते व्यक्ति जहां सामाजिक व धार्मिक कार्यों से अपने आप को दूर करता जा रहा है वहीं उनके बच्चों के संस्कार में भी अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल रहा है। इसलिए समाज को संस्कारों से ओतप्रोत रखने के लिए धार्मिक व सामाजिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उक्त बातें बाबूगंज में पांच दशक से हो रही श्री राम लीला मंचन का मुकुट पूजन कर उद्घाटन करते हुए भाजपा गंगापार जिलाध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी ने शनिवार को उपस्थित दर्शकों के बीच कही। 59वें वर्ष की ऐतिहासिक रामलीला में विशिष्ट अतिथि के रूप में राम भक्तो के बीच उपस्थित हुए विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश मिश्रा ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन हम? सबके लिए अनुकरणीय है। युवाओं को इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन से जहां पात्र की प्रतिभा दिखती है वहीं युवा पीढ़ी भी अपने संस्कारों को अपनाने लगती है। उद्घाटन के पूर्व श्रीराम लीला कमेटी बाबूगंज के पात्रों व पदाधिकारियों ने सुंदर कांड का पाठ कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम चन्द्र जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सकुशल मंचन हेतु प्रार्थना की।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी ,मनोज निषाद , वंश बहादुर सिंह ने भी मयार्दा पुरुषोत्तम राम चंद्र जी के जीवन आदर्श को अपने अंदर उतारने की सीख दी। कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार मोदनवाल ने आए हुए सभी अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया। उपस्थित दर्शकों ने इस दौरान नारद मोह के मंचन का आनन्द लिया। इस दौरान कमेटी के संरक्षक रामजी गुप्ता, महामंत्री भारत लाल जायसवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, सलाहकार विजय पाल, विजय चंद्र विश्वकर्मा, मंत्री नीरज जायसवाल, विरेन्द्र कुमार, त्रिलोकी नाथ, दीपक, मुन्ना,शिव कुमार गुप्ता, निर्देशक राजेंद्र पटेल शिव कुमार गुप्ता, मोनू साहू, शिवम शुक्ला, रामजी केसरवानी, विनोद कुमार मोदनवाल सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## घर में बंधक बना लूटे नगदी समेत साढ़े तीन लाख के आभूषण

### एक ही रात तीन घरों को बनाया निशाना, तीसरे घर में लुटेरो ने किया हमला तो शोर मचने पर भागे लुटेरे

**घूरपुर।** घूरपुर इलाके के चम्पतपुर गांव में एक घर के परिजनों को बंधक बना जेवर व नगदी भरे अटैची बाक्स उठा ले गए ।वहीं दूसरे घर में घुस मात्र नगदी लूटे तो वहीं पास के एक तीसरे घर में लूटने पहुंचे तो जगहट होने पर लुटेरो ने गृहस्वामी पर हमला कर लूटने का प्रयास करने लगे तो परिजनों के शोर पर लुटेरे भागने लगे तो लोगों ने पीछा किया लेकिन लुटेरे भागने में सफल रहे। सुबह शौच को गए लोगों ने घर के दो सौ मीटर दूर बाजरे की खेत में अटैची बाक्स बिखरे मिले नगदी जेवर व कीमती कपड़े गायब थे।सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर एक संदिग्ध को उठाकर पूछताछ कर रही है।

क्षेत्र के चम्पतपुर गांव में शनिवार की रात असलहों से लैश आधा दर्जन लुटेरे संजय कुशवाहा पुत्र परमात्मा दीन के घर पहुंच सो रहे परिजनों को उनके कमरे में ही बंधक बना कमरों को खंगाल 25हजार नगदी व साढ़े तीन लाख के आभूषण से भरे अटैची व बाक्स लूट ले गए। इसके बाद पास के राम अनुग्रह के घर घुस पैंट के पर्स में रखे 15सौ रुपए उड़ा दिए। इसी के पास तीसरे घर राम आसरे के घर घुसे तो परिजन जाग गए तो लुटेरो ने परिजनों पर हमला कर दिए हमले में राम आसरे घायल हो गए तो परिजनों ने शोर मचा दिया तो आसपास के लोग आ गए तो भीड़ देख बदमाश भागने लगे लोगों ने पीछा किया लेकिन वो सभी भागने में सफल रहे।सुबह शौच को गए लोगों ने घर से दो सौ मीटर दूर बाजरे के खेत में अटैची व बाक्स बिखरे मिले। उसमें से नगदी आभूषण व कीमती कपड़े गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल कर एक संदिग्ध को उठाकर पूछताछ कर रही है। मामले में पीड़ितो ने थाने में शिकायती पत्र दिया है। एक ही रात तीन घरो में लूट की घटना से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## जालसाजी कर विवाहिता का अपहरण कर बंधक बनाकर दुष्कर्म के मामले में एक पर केस दर्ज

**उतरांव।** उतराव थाना क्षेत्र की एक गांव की एक विवाहिता महिला को उतरांव थाना क्षेत्र के चांदोपारा भगतपुरवा गांव निवासी युवक गुमराह कर अपहरण कर उसको ले जाकर बंधक बनाकर उसके साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता था। वही महिला किसी तरीके वहां से जान छुड़ाकर भाग कर आई और अपनी पति को आपबीती बताई। मामला 4 जून 2019 का है।आरोपी युवक महिला को जालसाजी से पिता की बीमारी बताकर अपहरण कर लिया था।एक कमरे में बन्दकर बंधक बनाकर विवाहिता के साथ लगातार दुष्कर्म करता रहा। वही पीड़ित महिला की तहरीर पर उतराव पुलिस ने आरोपी नीरज गुप्ता पुत्र ब्रह्मदीन निवासी भगत पुरवा चाँदो पारा थाना उतरांव पर जालसाजी अपहरण दुष्कर्म बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी व अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच में जुटी हुई है।

## तन-मन-धन समर्पित कर राष्ट्र और समाज सेवा करता है कार्यकर्ता : बाबूराम

### भाजपा यमुनापार गंगापार महानगर के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की हूई संगठनात्मक बैठक

### दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, सांसद, जिलाध्यक्ष, चुनाव सम्बधित कार्यकर्ता हुए सम्मलित



भाजपा यमुनापार एवं गंगापार महानगर के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की संगठनात्मकबैठक में उपस्थित राज्यमंत्री

**घूरपुर।** निजी स्वार्थों को किनारे रखते हुए भाजपा का कार्यकर्ता संगठन मे तन-मन-धन समर्पित कर राष्ट्र और समाज सेवा करता है। कार्यकर्ता पार्टी के रीति-नीति को धरातल पर मूर्तरूप देने हेतू सुशासन राष्ट्रवाद समरसता के साथ राष्ट्र निर्माण के भूमिका निभाते है। बूथ, सेक्टर, मंडल, जिला के कार्यकताओं को त्रिस्तरीय पंचायत मे पार्टी प्राथमिकता के साथ प्रत्याशी बनाऐगी। पंचायत चुनाव मे जीत हासिल कर समाज के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को शासन-प्रशासन के सुविधा पहुचाने का कार्य करेगें। हमारी पार्टी विपक्षियों के जातवादी मानसिकता से आगे चलकर सभी समाज के लोगों मे विकास पहुचाने के साथ सभी समाज के लोगों को चुनाव मे प्रत्याशी बनाने का कार्य करेगी। उक्त बातें उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लि० के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व उत्तर प्रदेश के चुनाव सह प्रभारी बाबूराम निषाद ने जेपीएस महाविद्यालय गौहनिया मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से संबंधित संगठनात्मक बैठक मे भाजपा के कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा। साथ ही चुनाव हेतू कार्यकताओं से सुझाव भी मांगे। सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल ने भी कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए अपनी बातो को रखा, जिलाध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव यमुनापार संयोजक शिवदत्त पटेल ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने करते हुए समस्त पदाधिकारियों कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। और अंत मे कानपुर मे संघ के व्यवस्था प्रमुख रहे विमल प्रकाश त्रिपाठी व पत्रकार मानवेन्द्र प्रताप सिंह के पिता के निधन पर सभी कार्यकताओं ने शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रष्दाजंलि अर्पित की। जिसमे प्रमुख रूप से सासंद प्रयागराज सम्पर्क प्रमुख संत प्रसाद पाण्डेय, रामेश्वर पटेल, जय शंकर पाण्डेय, वृजेश पांडेय, दिलीप कुमार चतुवेर्दी, अवधेश मिश्रा, बृजमोहन आर्य, युवराज सिंह, राम भवन दुबे,कन्हैया लाल प्रजापति, अश्विनी जैन,राम नवल पटेल आदि के साथ यमुनापार गंगापार महानगर के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से सम्बंधित कार्यकर्ता मौजूद रहे।



नवाबगंज पुलिस ने कौड़िहार बाजार में महिलाओं को जागरूक करती

## नारी सशक्तिकरण को लेकर पेट्रोलिंग कर महिलाओं को किया जागरूक

**नवाबगंज।** शनिवार को नवाबगंज पुलिस ने कौड़िहार बाजार में नारी सशक्तिकरण के तहत पेट्रोलिंग मार्च कर महिलाओं को जागरूक किया गया। स्पेक्टर सुरेश सिंह मैं पेट्रोलिंग मार्च के दौरान लोगों को नारी सशक्तिकरण के तहत महिलाओं का सम्मान एवं उनकी सुरक्षा के प्रति लोगों को सतर्क किया। साथ ही उन्होंने महिलाओं के अपने बचाव एवं सम्मान के प्रति सचेत कर जागरूक किया। इस मौके पर नवाबगंज पुलिस के साथ महिला पुलिसकर्मी ने महिलाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति सजग किया।

# प्रयागराज हलचल

प्रयागराज सोमवार, 19 अक्टूबर, 2020

## संक्षेप समाचार

### रमा सिंह उपाध्यक्ष ऋषिदेव प्रदेश महामंत्री व कामतानाथ बने प्रदेश मंत्री

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के त्रिवर्षीय निर्वाचन में आर्य कन्या डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ.रमा सिंह उपाध्यक्ष (उच्च शिक्षा संवर्ग) चुनी गईं। ईश्वर शरण इंटर कालेज के प्रधानाचार्य ऋषि देव त्रिपाठी दुबारा प्रदेश महामंत्री तथा बेसिक संवर्ग में जिलाध्यक्ष पद पर रहे कामता नाथ को प्रदेश मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। यह जानकारी उच्च शिक्षा संवर्ग के जिलाध्यक्ष डॉ.मणि शंकर द्विवेदी ने देते हुए बताया कि लखनऊ में शुक्रवार को निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद रविवार को सूची जारी हो गई। सूची में प्रयागराज को मिले महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व के लिए महासंघ जिला इकाई द्वारा प्रसन्नता व्यक्त किया गया और केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। जार्जटाउन संघ कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ.मणि शंकर द्विवेदी ने कहा कि कोविड-19 के भयावह दौर में शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्य शिक्षकों की भूमिका निर्णायक रही है।

## माफिया अतीक के करीबी शूटर के घर पर चला बुलडोजर

**वर्तमान में तोता बेली गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपित है**



मकान ढहाता पीडीए का बुल्डोजर

**प्रयागराज।** योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत माफिया अतीक अहमद के करीबी शूटर तोता के घर पर बने अवैध निर्माण को रविवार दोपहर धूमनगंज के कंसारी मसारी में पीडीए ने ध्वस्तीकरण शुरू कर दिया है। सुरक्षा के मद्देनजर भारी पुलिस बल के साथ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं।

धूमनगंज थाना क्षेत्र के कंसारी मसारी निवासी जुल्फिकार उर्फ तोता सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद का बहुत करीबी हैं। एक दर्जन से अधिक मुकदमें इसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में दर्ज है। वर्तमान में तोता बेली गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपित है। इसके अतिरिक्त बेनीगंज में रवि पासी की हत्या में नैनी जेल में बंद हैं। जेल के अंदर से ही रवि पासी के परिजनों को धमकी देने का मामला भी आया था। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जुल्फकार उर्फ तोता ने अवैध निर्माण किया है। जिसे जांच के बाद अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शातिर अपराधी जुल्फिकार उर्फ तोता के घर पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पीडिए बुलडोजर लगाकर कर रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात हैं।

## सिरसा में मिला गंगा में डूबी महिला का शव

**सैदाबाद।** बीते शनिवार के दिन धोकरी गंगा घाट पर स्नान करते समय महिला डूब गई थी। गोताखोरो के अथक प्रयास के बाद महिला का शव नही मिल पाया था। मृतका का शव रविवार दोपहर गंगा घाट पर मिला। पुलिस ने पंचनामा करने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली हंडिया के धोकरी गांव निवासी लक्ष्मी 32 पत्नी कौशलेन्द्र की बीते शनिवार के दिन गंगा मे नहाते समय डूब गई थी। गोताखोरो के अथक प्रयास के बावजूद महिला का शव नही मिला था। परिजन व आसपास के लोग लक्ष्मी की खोज कर रहे थे। रविवार के दिन सिरसा गंगाघाट पर शव मिलने की सूचना जंगल मे लगी आग की तरह फैल गई। परिजनो को जानकारी होने पर वह मौके पर पहुचे व शव की शिनाख्त की। सैदाबाद चौकी पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के दो पुत्र प्रीति 2 व गोलू 4 वर्ष का है।

**मे घर भेजा गया मृतका का शव**

परिजनो के अनुरोध पर चौकी पुलिस ने दरियादिली दिखाते हुए शव को पीएम मे भेजने के पहले मृतका के शव को परिजनो को दिखाने के लिए दस मिनट के लिए घर भेज दिया। ताकि परिजन अंतिम दर्शन कर सके। परिजनो के अंतिम दर्शन के बाद ही शव को पीएम के लिए भेजा गया।

## हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव से मांगा उनका खुद का हलफनामा




**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपर मुख्य सचिव पंचायत राज से पूछा है कि ग्राम प्रधान को पदच्युत कर किसी सदस्य की उस पद पर नियुक्ति का अधिकार जिलाधिकारी या जिला पंचायतराज अधिकारी में से किसे है ?

यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने सीता देवी की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ग्राम प्रधान को हटाने व सदस्य की इस पद पर अस्थायी नियुक्ति का सक्षम अधिकारी कौन है, यह विचारणीय मुद्दा है। कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव पंचायतराज से यह बताने को कहा है कि उप्र पंचायतराज अधिनियम के तहत इनमें से सक्षम अधिकारी कौन है। क्योंकि हाईकोर्ट में जिलाधिकारी के ऐसे आदेशों के खिलाफ याचिकाएं आ रही हैं।

ऐसे ही एक मामले में याची ग्राम पंचायत सदस्य सीता देवी के अधिवक्ता अरविंद कुमार सिंह का कहना है कि राज्य सरकार की जुलाई 1966 की अधिसूचना के अनुसार प्रधान की नियुक्ति का अधिकार जिला पंचायतराज अधिकारी को है। याचिका में कानून के विपरीत ग्राम प्रधान को पदच्युत कर सदस्य को शैक्षिक योग्यता के आधार पर चुनाव होने तक ग्राम प्रधान का दायित्व सौंपने के जिलाधिकारी एटा के आदेश को चुनौती दी है। कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा था। कोई जवाब न आने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए अपर मुख्य सचिव पंचायतराज से सरकार का स्टैंड स्पष्ट करते हुए व्यक्तिगत हलफनामा मांगा है। कोर्ट ने अपर मुख्य सचिव से इस सम्बंध में सरकार की अधिसूचना भी दाखिल करने को कहा है। मामले के तथ्यों के अनुसार एटा के अलीगंज ब्लाक के कंचनपुर आसे ग्राम पंचायत के टपुआ गांव निवासी वीरेन्द्र सिंह यादव ने ग्राम प्रधान पिंकी यादव पर वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग में शिकायत की। जांच में आरोप की पुष्टि की गई है। प्रधान पर तीन लाख 93 हजार रुपये सरकारी धन के गबन का आरोप है। जिलाधिकारी एटा ने धारा 95(1) छह के अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रधान को पदच्युत कर दिया और शैक्षिक रूप से अधिक योग्य सदस्य ऋषि कुमार को 28 जुलाई 2019 को नया प्रधान चुने जाने तक ग्राम प्रधान का दायित्व सौंप दिया। इस आदेश का अनुमोदन जिला पंचायतराज अधिकारी ने भी कर दिया है। याचिका में ग्राम प्रधान की नियुक्ति के अधिकार को लेकर सवाल उठाया गया है।

## मण्डलायुक्त ने दो पुस्तकों 'आरोपित एकांत' और 'जान है तो जहान है' का किया अनावरण




पुस्तक का अनावरण करते मण्डलायुक्त सहित अन्य

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त कार्यालय में रविवार को जिला प्रशासन फतेहपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कोरोना काल पर आधारित दो विशिष्ट पुस्तकों ह्यआरोपित एकांतह्य और जान है तो जहान है के मुखपृष्ठों का अनावरण करते हुए मण्डलायुक्त आर. रमेश कुमार ने कहा कि आने वाली पीढ़ी के लिए ये दोनों पुस्तकें कोरोना आपदा के दौरान की कठिन परिस्थितियों एवं लोगों के ऊपर पड़े मनोवैज्ञानिक प्रभावों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने में एक माध्यम के रूप में होगी।

उन्होंने कहा कि फतेहपुर जिला प्रशासन का यह प्रयास आमजन और प्रशासनिक सामन्जस्य का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो लोगों को प्रेरणा देने वाला है। इसी तरह के प्रयास अन्य जनपदों में भी होने चाहिए। कहा कि हम कामना करते है कि ये पुस्तकें भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में अपनी पहचान बना सके तथा नाम रोशन कर सके। विशिष्ट अतिथि प्रख्यात भाषाविद् और समीक्षक आचार्य पृथ्वीनाथ पाण्डेय ने कहा कि दोनों पुस्तकों की भूमिका लिखने के दौरान ही उनके द्वारा अध्ययन कर लिया गया था। पुस्तकों की भाषा और बोध गम्यता उत्कृष्ट व गहरे हैं। इन दोनों पुस्तकों का प्रकाशन नवम्बर माह में सम्भावित है।

जिलाधिकारी फतेहपुर संजीव सिंह एवं पुस्तक के संपादक एवं संकलनकर्ता अमित राजपूत ने बताया कि दोनों पुस्तकें वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण हुये लॉकडाउन से उपजी विषम परिस्थितियों के बारे में साहित्य सर्जना का एक अनूठा प्रयोग हैं। जिलाधिकारी संजीव सिंह ने बताया कि ह्यआरोपित एकांतह्य फतेहपुर के नागरिकों द्वारा लॉकडाउन के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों एवं कुछ अनूठे सकारात्मक पहलुओं के सजीव संस्मरणों का संग्रह है। ह्यजान है तो जहान हैह्य कोरोना काल की उन कविताओं का विशिष्ट संग्रह है, जिनके सहारे नागरिकों को इस कोरोना महामारी से लड़ने में बल मिल सका। इसमें जनपद फतेहपुर के आम नागरिकों, अध्यापकों, अधिवक्ताओं, सरकारी कर्मचारियों तथा अन्य लोगों द्वारा लिखी गयी रचनाएं सम्मिलित हैं। गद्य संकलन ह्यआरोपित एकांतह्य में 34 लोगों की कुल 39 रचनाएं तथा पद्य संकलन ह्यजान है तो जहान हैह्य में 94 लोगों की कुल 117 रचनाएं सम्मिलित हैं। पुस्तकों में जिलाधिकारी फतेहपुर एवं उनकी धर्मपत्नी श्वेता सिंह द्वारा लिखी गयी कविताएं भी सम्मिलित है। जिलाधिकारी फतेहपुर ने कहा कि पुस्तक के प्रकाशन के बाद प्रारम्भ की एक हजार पुस्तकों का जो मूल्य प्राप्त होगा वह मुख्यमंत्री के फण्ड कोष में दिया जायेगा। कार्यक्रम में प्रख्यात मीडिया स्तम्भ रतन दीक्षित, प्रो. अजय जेटली, अरुण कुमार सिंह, वरिष्ठ रंगकर्मी आलोक नायर, कत्थक गुरु राकेश यादव, शास्त्रीय गायक पण्डित वरुण मिश्र समेत तमाम साहित्यकार उपस्थित रहे।

## महिला ने यमुना ब्रिज से कूदने का किया प्रयास

**नैनी।** परिवार से नाराज होकर नए पुल पर पहुंची एक महिला नए यमुना ब्रिज से यमुना नदी में छलांग लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश कर रही थी। वहां मौजूद लोगों ने महिला को पकड़ लिया और पुलिस को बुलाकर सौंप दिया। महिला घरेलू कलह से तंग आकर आत्महत्या करने पहुंची थी। मामला शनिवार देर रात का है। पुलिस उसे नैनी कोतवाली लाई और समझा बुझाकर परिजनों को सुपुर्दगी में सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक 35 वर्षीय विवाहिता शनिवार देर रात घर से बिना बताए नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित नए यमुना ब्रिज पर पहुंची और यमुना नदी में कूदने के लिए प्रयास करने लगी। वहां मौजूद गार्ड एवं अन्य लोगों ने देखा तो उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझा बुझाकर उसे अपने साथ कोतवाली ले आई। पुलिस के मुताबिक महिला ने बताया? कि वह घरवालों के व्यवहार से तंग आ चुकी है। इसलिए जान देना चाहती है। हालांकि उक्त महिला को समझा बुझाकर परिजनों को सुरक्षित सौंप दिया गया।

## लोको पायलटों की क्रू बुकिंग लॉबी में कम्प्यूटर आधारित काउन्सिलिंग का हुआ शुभारम्भ



कम्प्यूटर आधारित काउन्सिलिंग के दौरान उपस्थित लोग

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संरक्षित ट्रेन संचालन हेतु भारतीय रेल में प्रथम बार लोको पायलटों की क्रू बुकिंग लॉबी में कम्प्यूटर आधारित काउन्सिलिंग का शुभारम्भ सतीश कोठारी प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर द्वारा रविवार को किया गया।

उमरे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अजीत कुमार सिंह के अनुसार अनुपम सिंहल, मुख्य बिजली लोको इंजीनियर की विवेकशील परिकल्पना और उसके क्रियान्वन के फलस्वरूप एक उन्नत कम्प्यूटर आधारित काउन्सिलिंग प्रणाली को विकसित किया गया है। इसमें सोशल डिस्टेन्सिंग को ध्यान में रखते हुये काउन्सिलिंग को कम्प्यूटर तकनीक के माध्यम से उपयोगी एवं प्रभावी बनाया गया है। कम्प्यूटर आधारित काउन्सिलिंग सिस्टम में लॉबी पर लोको निरीक्षक, लोको पायलटों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये दो लेन से जुड़े कम्प्यूटरों के माध्यम से लोको पायलट की काउन्सिलिंग करेंगे।

इस काउन्सिलिंग में लोको निरीक्षकों द्वारा लोको पायलटों का कम्प्यूटर की सहायता से कोहरे में संरक्षित ट्रेन संचालन का ज्ञान, जैसे मॉडिफाईड ऑटोमेटिक सिग्नलिंग सिस्टम, सिगनल कॉल-आउट करना, गति प्रतिबंध का पालन, दिन एवं रात के समय नियमानुसार ट्रेन की गति का नियंत्रण आदि, को परख कर उसे और उन्नत किया जायेगा। काउन्सिलिंग का रिकार्ड भी कम्प्यूटर में रखा जायेगा।

### पंडालों में स्थापित हुईं मां दुर्गा

**लालापुर।** नवरात्रि के पहले दिन और दूसरे दिन लालापुर थाना क्षेत्र के लालापुर, प्रतापपुर, पंडुवा, डेराबारी, सेमरी, नौड़िया तरहार, अश्वनीपुर , अमिलिया, मानपुर, मझियारी, कचरा, ओढगी तरहार, गीधार, बाघला, पुरेबलदु, चिल्ला, सुजौना, नगरवार, मानपुर, पंचवर आदि गांवो में पंडाल लगाकर मां दुर्गा को अस्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया जा रहा है। गांवो में दिन भर मानो भक्ति रस की बयार बह रही हो।डेराबारी केआशीष मिश्रा अश्वनीपुर के शिवेन्द्र पांडेय, गीधार के मंगला प्रसाद तिवारी, लालापुर के नव दुर्गा के अध्यक्ष कृष्णानंद शुक्ल ने बताया कि शासन के गडलाइन के अनुसार माक्स सेटनाइज सीसीटीवी कैमरा लगा के एक सप्ताह तक लगातार पंडालों में शेरावाली माता का भव्य पूजन अर्चन किया जाएगा।साथ ही प्रतिदिन भजन कीर्तन भी होगा।

## संगीत विद्या के लिए शक्ति सर्वाधिक वांछनीय : डॉ जौहरी



तबला वादक पूनम सरपे

**प्रयागराज।** इस सृष्टि में जो भी अनुकरणीय, अनुसरणीय, उपलब्धियां, महानताएं, चमत्कार, अद्भुतताओं के उदाहरण देखने को मिलते हैं वह सब शक्ति साधना के ही परिणाम होते हैं। शक्तिशाली व्यक्ति ही साधना कर पाते हैं व साधना से ही सिद्धि मिलती है। संगीत जैसी अलौकिक, अमूर्त विद्या के लिए तो शक्ति सर्वाधिक वांछनीय है।

उक्त विचार शक्ति आराधना पर्व की नौ दिवसीय विशाल संगीत समारोह की संयोजिका डॉ. रेनू जौहरी ने पद्मभूषण पं. सामता प्रसाद ट्रस्ट ऑफ तबला प्रयागराज के तत्वावधान में पं. गुदई महाराज की 101वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य का शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पद्मभूषण पं. सामता प्रसाद ने श्रद्धा, विश्वासपूर्वक साधना द्वारा शक्ति को प्रसन्न किया था। प्रतीत होता है कि माँ काली स्वयं उनकी प्रस्तुतियों में उपस्थित रहती थीं। यह नौ दिन बहुत पवित्र व शक्ति उपार्जन के दिन हैं। साधना का राजमार्ग सभी के लिए खुला है हमें अपने मनों को महाराज के उदाहरण से प्रेरणा लेते हुए साधना में प्रवृत होना है एवं माँ की कृपा प्राप्त करनी है। इस अवसर पर पार्थ सारथी मुखर्जी की शिष्या भिलाई की पूनम सरपे की तबला वादन की प्रस्तुति हुई। अपने तीन ताल के अन्तर्गत उठान, पेशकार, कायदा, बाँट, रेला, गत, फर्द, टुकड़े, परन, चक्करदार इत्यादि की प्रस्तुति कर श्रोताओं का मन मोह लिया। तत्पश्चात स्व. पं. समरेश चौधरी की शिष्या कोलकाता की यग्न्यासेनी मजूमदार मित्रा ने राग शुद्ध कल्याण में बड़ा ख्याल व छोटा ख्याल का गायन प्रस्तुत किया। चण्डीगढ़ की प्रो. पंकज माला शर्मा ने अपने वैदिक वाङ्मय में वर्णित देवी सूक्त की विशद् एवं सारगर्भित व्याख्या की। उन्होंने बताया वैदिक काल से ही शक्ति आराध्य है। वह अपने भक्तों को प्रचण्ड बनाती है, ऋषि बनाती है, प्रज्ञावान बनाती है तथा समृद्धि प्रदान करती हैं।

इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष शकुन्तला जौहरी, संरक्षिका डॉ. शशि भारद्वाज, प्रो. कृष्ण चक्रवर्ती पर्यवेक्षक, डॉ. संध्या अग्रवाल, डॉ. अंकिता चतुर्वेदी, डॉ. प्रियंका मिश्रा, डॉ. कुहू मालवीय, नागेन्द्र मिश्र, अभिनव मिश्र, कविता मिश्रा आदि उपस्थित थे। एकता गुप्ता, रेखा सेन, ऊर्जा श्रीवास्तव, स्फूर्ति श्रीवास्तव, अंतस प्रकाश ने सक्रिय योगदान दिया।

## अंग्रेजी मीडियम स्कूल में तैनाती को लेकर एडी बेसिक से मिले शिक्षक



एडी बेसिक से मिलने गये शिक्षकगण

**प्रयागराज।** जिला प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रयागराज में इंग्लिश मीडियम में चयनित शिक्षकों की एक बैठक रविवार को वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन उप्र के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में हुई। इसके उपरान्त सभी शिक्षक प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह के नेतृत्व में मंडलीय सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज से इस प्रकरण पर वार्ता की जिसमें उन्होंने शीघ्र निस्तारण हेतु आश्वासन दिया।

शिक्षकों ने बताया कि प्रयागराज जनपद में इंग्लिश मीडियम स्कूल के लिए बेसिक शिक्षकों की लिखित परीक्षा मई 2019 में आयोजित हुई और सफल शिक्षकों का साक्षात्कार और काउंसलिंग के माध्यम से विद्यालय का आवंटन जुलाई 2019 में ही कर दिया गया। परन्तु एक वर्ष से ज्यादा बीतने के बाद भी अद्यतन ज्वाइनिंग नहीं कराई गई। शिक्षकों द्वारा कई बार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कार्यभार ग्रहण कराने हेतु निवेदन किया गया तो मार्गदर्शन का हवाला दिया जाता रहा। अपर मुख्य सचिव और शिक्षा निदेशक जैसे उच्च अधिकारियों द्वारा आदेश जारी कर दिया गया। फिर भी शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण नहीं कराया जा रहा है। सरकारी आदेश के बावजूद अधिकारी सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। यहां तक कि अधिकारी न्यायालय को भी गुमराह कर रहे हैं कि पदस्थापित कर दिया गया है, जबकि अद्यतन किसी शिक्षक को कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया है। बैठक में विनोद कुमार सिंह, ममता द्विवेदी, सरिता कुमारी, आराधना सिंह, नीलम सिंह, शशी रस्तोगी, प्रतिभा सिंह, अनीता जायसवाल, वर्षा सिंह, आकांक्षा शुक्ला, विजय कुमार, मिथिलेश मौर्या, सुरेश मौर्या, ओम प्रकाश, सत्यम कुशवाहा, मोहिनी शर्मा, अर्पित पांडेय, आलोक सिंह, शैलेन्द्र कुमार, आशीष तिवारी, आकाश शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, चन्द्र जीत यादव, पंकज कुमार दीक्षित, अन्नू गोयल, अरविंद सैनी, देवेन्द्र सिंह, प्रेम कुमार त्रिपाठी, उमेश कुमार वर्मा, अमित पांडेय, आलोक सिंह, अर्पित पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## जसरा में कोरोना के खतरे के बीच आज से खुलेंगे स्कूल

**जसरा।** जसरा क्षेत्र के इंटर कॉलेज आज से खोलने की तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिये स्कूलों को सेनेटराइज करने के साथ-साथ छात्रों को सुरक्षित पढ़ाई के लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन किया गया है। जसरा क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से दो दर्जन से अधिक स्कूल व कालेज में सेनेटराइज व साफ-सफाई का काम किया जा रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप 19 अक्टूबर से स्कूल व कॉलेज कक्षा 9 से 12 तक के स्कूल और कॉलेज खोले जा रहे हैं । जिसमें बच्चों को दो पारियों में पढ़ाया जाएगा साथ ही लगातार कक्षाओं को सेट किया जाता रहेगा। अभिभावकों से अनुमति पत्र प्राप्त करने के बाद बच्चे स्कूल आएंगे ।सैनिटाइजेशन बच्चों के शरीर का तापमान नापने के बाद क्लास में अलग-अलग सीटों पर बैठाया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश के अनुसार श्री लाल चंद्र इंटर कॉलेज जसरा के प्रधानाचार्य को नोडल अधिकारी बनाया गया है । डा०पी०पी ०सिंह ने बताया कि पिछले 2 दिनों के अंदर उन्होंने दो दर्जन स्कूलों का दौरा कर साफ सफाई की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रबंधक व अध्यापकों के बीच तालमेल ना होने के कारण अभी कई स्कूलों में साफ-सफाई ठीक ढंग से नहीं की जा रही है तथा शिक्षकों की उदासीनता भी इसका मुख्य कारण बना हुआ है।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025